गैरसैंण, सोमवार
28 जुलाई 2025
वर्षः 17
अंकः 87 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# मंशा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर हुई भगदड़, 6 श्रद्धालुओं की मौत, मृतकों एवं घायलों को मुआवजा देने की घोषणा

**– पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश–मनसा देवी हादसे की होगी मजिस्ट्रियल जांच, पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान**



देहरादून। हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 घायल हैं और पांच लोग गंभीर घायल हैं, 23 लोग सामान्य हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना। मुख्यमंत्री से इस दौरान मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने वार्ता की। मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को 50–50 हज़ार मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मृतक के परिजनों और घायलों को उनके घर तक ले जाने के लिए ट्रस्ट द्वारा वाहन की व्यवस्था की जाएगी।

**इनकी हुई मौत**

1– वकील 45
2– आरुष 6 रामपुर मुरादाबाद
3– विशाल 19
4–विपिन 18
5–शांति 60
6– रामभरोसे 65
7– अज्ञात 19
8–विक्की 25

**ऐसे हुआ हादसा**

मनसा देवी मंदिर दर्शन जाने वाले पैदल मार्ग पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई। करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा–तफरी का माहौल बन गया।देखते ही देखते लोग एक–दूसरे पर गिरने लगे। चीख–पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। हादसे में एक बच्चे समेत 35 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें आठ श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है।

दो–दो लाख मुआवजे की घोषणा

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## हरिद्वार मनसा देवी हादसा, कांग्रेस नेताओं ने घटना पर जताया दुख

देहरादून। हरिद्वार मनसा देवी हादसा के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह ने भगदड़ में मारे गए लोगो के अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही कांग्रेस ने सरकार की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े किए हैं। हरीश रावत ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा मनसा देवी मंदिर में स्थान के हिसाब से ही उड़न खटोले से ही लोग आते हैं। नियंत्रित करने के लिए लंबा मार्ग है। यहां पैदल और चढ़ाई वाला मार्ग भी है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्यों हम वहां आने वाली भीड़ को नियंत्रित नहीं कर पाए।? कहां पर हमसे चूक हो गई? यह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा ऐसी जगहों पर अनुभवी और क्राउड मैनेजमेंट क्षमता वाले अधिकारियों को लगाना चाहिए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने जताया दुख

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भी घटना पर दुख और संवेदना जताई है प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ से जारी संदेश के मुताबिक, पीएम मोदी ने गहरा दुख जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।"हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर के मार्ग में भगदड़ की दुर्घटना में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है. मैं सभी शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं. मैं प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र स्वस्थ हों।" – द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

## मनसा देवी की घटना दुर्भाग्यपूर्णः महाराज

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और हरिद्वार के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने जनपद हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों वाले मार्ग पर भगदड़ की घटना में 06 लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और हरिद्वार के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को जनपद हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों वाले मार्ग पर भगदड़ मचने से दुर्घटना में मृत सभी 06 लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके उचित इलाज के लिए प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए हैं।

महाराज ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है और सरकार भगदड़ के कारणों की जांच करवायेगी।

## मनसा देवी हादसे पर जमीयत ने जताया गहरा दुख, जांच की मांग

देहरादून। हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की घटना पर जमीयत उलेमा–ए–हिंद, उत्तराखंड की ओर से गहरा दुख जताया गया है। जमीयत के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना हुसैन अहमद कासमी, महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ कराई जा रही है। राज्य सरकार और प्रशासन से मांग उठाई कि राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और घायलों का बेहतर इलाज हो। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष व शहर क़ाज़ी देहरादून मौलाना मोहम्मद अहमद क़ासमी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाह नज़र, जिला हरिद्वार अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वहीद, देहरादून जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान क़ासमी, जिला महा सचिव हाफिज आबिद, मास्टर अब्दुल सत्तार, मौलाना रागिब मजाहिरी, शहर सदर मुफ्ती अयाज़ अहमद आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### रुड़की में दिल चीरने वाला हादसा, अलीगढ़ से आए 2 भाईयों की डूबने से मौत

रुड़की। अलीगढ़ से जियारत करने के लिए रुड़की के पिरान कलियर आए दो भाईयों की बावनदरी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। दो भाईयों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने दोनों के शव को कुंड से बाहर निकाला। इसके बाद परिवार बिना किसी पुलिस कार्रवाई के दोनों के शव को लेकर अलीगढ़ के लिए रवाना हो गया। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया था। रविवार को राव हजीरा डेल कोतवाली नगर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी 18 वर्षीय आरपीन व 19 वर्षीय दानिश अपनी मां नाजमा और तीसरे भाई इमरान के साथ पिरान कलियर दरगाह में जियारत करने के लिए आए थे। सुबह वह अपने मां और भाई के साथ धनौरी में रतमऊ नदी पर बावनदरी में नहाने के लिए आए। इस दौरान नहाते समय दोनों भाई पानी की गहराई अंदाजा नहीं लगा पाए और दोनों पानी के एक कुंड में डूब गए। दोनों भाइयों को डूबता देख मां और भाई ने शोर मचाया। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर जरूर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों भाई पानी में समा गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलवाया। इसके बाद गोताखोरों ने दोनों भाईयों को कुंड से बाहर निकाला। यहां से दोनों भाईयों को नजदीक के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत से उनकी मां व भाई का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने बामुश्किल परिवार को संभाला। हालांकि, इसके बाद परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भारतीय उत्थान परिषद ट्रस्ट की मदद से एम्बुलेंस से दोनों शव को उनके गांव अलीगढ़ के लिए भिजवा दिया है। चौकी प्रभारी धनौरी पुष्कर सिंह चौहान का कहना है कि दो युवकों की डूबने से मौत हो गई थी जिनके शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

### ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी, जमीन के लिए बेटे ने मां–बाप और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

गाजीपुर ,उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने जमीन के एक टुकड़े के लिए अपने ही मां–बाप और बहन की कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस तिहरे हत्याकांड के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।यह वीभत्स घटना गाजीपुर के नंदगंज थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अभय यादव का अपने परिवार के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उसने आज इस क्रूर घटना को अंजाम दिया।मौके पर पहुंचे गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक (स्क्र) डॉ. ईरज राजा ने बताया कि हत्या के पीछे की वजह जमीनी विवाद है। जांच में पता चला है कि परिवार के मुखिया शिवराम यादव के पास करीब 2.5 बीघा जमीन थी। कुछ समय पहले उन्होंने अपनी कुल जमीन का एक तिहाई हिस्सा अपनी शादीशुदा बेटी कुसुम देवी के नाम कर दिया था। पिता के इसी फैसले से बेटा अभय यादव बेहद नाराज चल रहा था। उसे लगता था कि बहन को जमीन देकर पिता ने उसके साथ नाइंसाफी की है। इसी नाराजगी और गुस्से में आकर आज उसने अपने पिता शिवराम यादव (65 वर्ष), मां जमुनी देवी (60 वर्ष) और बहन कुसुम देवी (36 वर्ष) को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया।

### खादी अब सिर्फ वस्त्र नहीं, बन रहा बदलाव की बुनियाद

नई दिल्ली , बिहार की ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। जो हुनर कभी घर की चौखट तक सीमित था, वह अब खादी प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से बाजार में अपनी चमक बिखेर रहा है। राज्य सरकार की योजनाएं इन महिलाओं को आर्थिक मजबूती ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान भी दिला रही हैं। राज्य भर में संचालित खादी संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ग्रामोद्योग और घरेलू उत्पाद निर्माण जैसे क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## त्रिकूट पर्वत पर टला बड़ा हादसा, मां वैष्णो देवी की कृपा से भूस्खलन की चपेट में आने से बचे यात्री




कटड़ा ,बाल–बाल बच गए। सूचना मिलते ही श्राइन बोर्ड प्रशासन ने तुरंत इस मार्ग पर यात्रा रोक दी और मार्ग को दोनों तरफ से बंद कर दिया। रात में ही जेसीबी मशीनों और श्राइन बोर्ड के कर्मचारियों ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया। रविवार सुबह मार्ग का निरीक्षण करने के बाद, करीब 6:00 बजे इसे श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया, जिसके बाद यात्रियों और प्रशासन ने राहत की सांस ली।रविवार को दिनभर मां वैष्णो देवी के त्रिकूट पर्वत पर घने बादल छाए रहे, जिसके कारण कटड़ा से सांझीछत के बीच हेलीकॉप्टर सेवा पूरे दिन स्थगित रही। हालांकि, मौसम की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं का जोश बना रहा और वे पारंपरिक मार्गों से भवन की ओर बढ़ते रहे। घोड़ा, पिट्ठू, पालकी, बैटरी कार और रोपवे जैसी सभी अन्य सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहीं। श्राइन बोर्ड के अनुसार, बीते शनिवार (26 जुलाई) को 24,427 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी लगाई थी। वहीं, आज रविवार दोपहर 1:00 बजे तक करीब 13,400 श्रद्धालु पंजीकरण करवा कर भवन की ओर रवाना हो चुके थे और यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। मौसम विभाग ने यात्रा के दौरान बारिश की संभावना जताई है।

## गाजियाबाद : यूपी गेट के पास बिजलीघर में भीषण आग

गाजियाबाद ,गाजियाबाद में बीती रात यूपी गेट के पास एक बिजली घर में देर रात करीब 11:55 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद फायर विभाग को सूचना दी गई, लेकिन आग इतनी तेज थी कि अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। फायर विभाग के अनुसार, आग एक बड़े ट्रांसफॉर्मर में लगी थी, जिसकी क्षमता 160 एमवीए और 50,000 लीटर तेल थी। आग की खबर मिलते ही वैशाली फायर स्टेशन से चार दमकल गाड़ियां और एक वाटर मिस्ट यूनिट तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं। लेकिन जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, ट्रांसफॉर्मर में आग तेजी से फैल चुकी थी और बहुत भयानक हो गई थी। स्थिति को देखते हुए कोतवाली फायर स्टेशन से दो और साहिबाबाद से एक फायर टेंडर को मौके पर बुलाया गया।

## अभिनेत्री सोमी अली ने आदित्य पंचोली पर लगाए गंभीर आरोप



मुंबई ,अभिनेत्री सोमी अली ने रविवार को सोशल मीडिया पर आदित्य पंचोली और उनके बेटे सूरज पंचोली के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए एक बयान साझा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आदित्य पंचोली को घटिया इंसान कहा और उन पर महिलाओं के साथ धोखा करने और उनकी पिटाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी बताया कि आदित्य का बेटा सूरज पंचोली, अभिनेत्री जिया खान की मौत का जिम्मेदार है।

अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, आदित्य पंचोली– तुम महिलाओं के साथ धोखा करते हो। उन्हें मारते हो और तुम्हारा बेटा जिया खान की मौत का जिम्मेदार है। तुम कचरा हो। तुम खुद के साथ कैसे जीते हो? सूरज को भी वही पुराने हथकंडे सिखा रहे हो? तुम एक घटिया इंसान हो।

बता दें कि जून 2013 में अभिनेत्री जिया खान जुहू स्थित सागर तरंग अपार्टमेंट में अपने निवास पर फांसी के फंदे पर झूलती हुई पाई गईं। इस घटना के बाद उनके बॉयफ्रेंड सूरज पंचोली पर अभिनेत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। यह मामला कोर्ट में लगभग 10 सालों तक चला था। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद, साल 2023 में सूरज को बरी कर दिया गया।

इसके अलावा, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने अभिनेत्री तनुश्री दत्ता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें तनुश्री की बातों पर भरोसा है कि उनके साथ घर पर परेशान करने वाली घटनाएं हुई थीं। सोमी ने यह भी कहा कि उन्होंने खुद ऐसे ही अनुभव किए हैं, इसलिए वह तनुश्री की तकलीफ को अच्छी तरह समझ सकती हैं।

## महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल : 6 साल बाद 'मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे



मुंबई ,महाराष्ट्र की राजनीति में आज उस वक्त एक बड़ा सियासी भूचाल आ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे तमाम अटकलों को दरकिनार करते हुए करीब 6 साल बाद अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के आवास 'मातोश्रीझ् पहुंचे। मौका था उद्धव ठाकरे के जन्मदिन का, लेकिन इस एक मुलाकात ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों में एक नई हलचल पैदा कर दी है। उद्धव ठाकरे ने भी सारी पुरानी बातें भुलाकर खुद गेट पर आकर राज ठाकरे का गर्मजोशी से गले लगाकर स्वागत किया। राजनीतिक गलियारों में किसी को भी इस मुलाकात की उम्मीद नहीं थी। सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह राज ठाकरे ने अचानक उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए 'मातोश्रीझ् जाने का फैसला किया। उन्होंने मनसे नेता बाला नंदगांवकर के फोन से सीधे शिवसेना सांसद संजय राउत को फोन किया और कहा, "मैं उद्धव को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री आ रहा हूं।" संजय राउत ने तुरंत यह जानकारी उद्धव ठाकरे को दी, जिसके बाद राज ठाकरे दादर स्थित अपने आवास 'शिवतीर्थझ् से बांद्रा के लिए रवाना हो गए। जैसे ही राज ठाकरे के 'मातोश्रीझ् पहुंचने की खबर फैली, वहां मौजूद ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों का उत्साह

श्रीनगर , अमरनाथ यात्रा को लेकर बाबा बर्फानी के भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। जम्मू से सुरक्षा काफिले में यात्रा शुरू करने वाले श्रद्धालुओं की तुलना में अब अधिक श्रद्धालु सीधे कश्मीर पहुंच रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से पुलिस काफिले के साथ आने वाले यात्रियों की तुलना में दोगुने से अधिक यात्री सीधे कश्मीर के दो बेस कैंप और ट्रांजिट कैंपों में ऑन स्पॉट पंजीकरण के लिए पहुंच रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए सीधे कश्मीर पहुंचने वाले यात्री, जो वहां जाकर पंजीकरण कराते हैं, ज्यादातर हवाई मार्ग से आ रहे हैं। इससे जम्मू से सड़क के रास्ते बालटाल और पहलगाम बेस कैंप जाने वाले यात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, आज 2,197 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से दो पुलिस काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला काफिला, जिसमें 39 वाहनों में 573 यात्री थे, सुबह 3:31 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा काफिला, जिसमें 62 वाहनों में 1,624 यात्री थे, सुबह 4:01 बजे पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## ऊं नमः शिवाय सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं, पीएम मोदी ने मंत्र की बताई शक्ति



अरियलूर ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में 'आदि तिरुवथिराई उत्सवझ् में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि चोल राजाओं ने अपने राजनयिक और व्यापारिक संबंधों का विस्तार श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण–पूर्व एशिया तक किया था। ये भी एक संयोग है कि मैं शनिवार को ही मालदीव से लौटा हूं और अभी तमिलनाडु में इस कार्यक्रम का हिस्सा बना हूं। चोल वंश के महान सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सम्राट के सम्मान में स्मारक सिक्का भी जारी किया। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुति की गई, जिसे सुनकर प्रधानमंत्री मोदी भी भावविभोर हो गए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं काशी का सांसद हूं और जब मैं 'ऊं नमः शिवायझ् सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिव दर्शन की अद्भुत ऊर्जा, श्री इलैयाराजा का संगीत और मंत्रोच्चार, यह आध्यात्मिक अनुभव मन को भावविभोर कर देता है।

बृहदेश्वर शिव मंदिर का निर्माण शुरू होने के 1000 साल के ऐतिहासिक अवसर पर सावन के पवित्र महीने में मुझे भगवान बृहदेश्वर शिव के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मिला है। मैंने इस मंदिर में देशभर के 140 करोड़ लोगों के कल्याण और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। भगवान शिव का आशीर्वाद सभी को मिले, यही मेरी कामना है। इस दौरान पीएम मोदी ने 'हर–हर महादेवझ् का जयकारा भी लगाया। सांस्कृतिक मंत्रालय की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विभाग ने यहां अद्भुत प्रदर्शनी लगाई है। यह ज्ञानवर्धक और प्रेरक है। हमें गर्व होता है कि 1000 साल पहले हमारे पूर्वजों ने किस तरह मानव कल्याण को लेकर दिशा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सेंगोलझ् का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, "जब देश की नई संसद का लोकार्पण हुआ, तो हमारे शिव आदीनम के संतों ने उस ऐतिहासिक आयोजन का आध्यात्मिक नेतृत्व किया था। तमिल संस्कृति से जुड़े 'सेंगोलझ् को संसद में स्थापित किया गया। मैं आज भी उस पल को याद करता हूं तो गौरव से भर जाता हूं।" उन्होंने कहा कि चोल साम्राज्य का इतिहास और उसकी विरासत भारत के वास्तविक सामर्थ्य का प्रतीक है। यह उस भारत के सपने की प्रेरणा है, जिसे लेकर आज हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया था। आज हमारी सरकार चोल युग के उन्हीं विचारों को आगे बढ़ा रही है। काशी–तमिल संगमम् और सौराष्ट्र–तमिल संगमम् जैसे आयोजनों के माध्यम से हम एकता के सदियों पुराने सूत्रों को और अधिक मजबूत कर रहे हैं।

## छांगुर ने देहरादून में फैलाया था धर्मांतरण का बड़ा जाल, दूसरा मुकदमा दर्ज



देहरादून। पाकिस्तान से जुड़े तारछांगुर ने देहरादून में धर्मांतरण का बड़ा जाल फैलाया था। रानीपोखरी में दर्ज हुए मुकदमे की तफ्तीश में प्रेमनगर की एक और युवती का नाम सामने आया है जिसे छांगुर के गुर्गों ने अपने प्रभाव में लिया था। मूल रूप से बरेली की इस युवती को इस्लाम में लाने के बाद छांगुर के गुर्गे उसे दुबई भेजने की तैयारी कर रहे थे। उसे इस्लाम की शिक्षा पाकिस्तान के मौलवियों से दिलवाई जा रही थी। इसके लिए युवती से दुबई के रास्ते पाकिस्तान में रुपये भी भिजवाए गए हैं। सारे तथ्य सामने आने के बाद शनिवार को प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सहसपुर के अब्दुर रहमान समेत छह लोगों को नामजद किया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि गत 17 जुलाई को अब्दुर रहमान के संबंध में उत्तर प्रदेश एटीएस ने पुलिस से संपर्क किया था। प्राथमिक पूछताछ के बाद एटीएस उसे गिरफ्तार कर आगरा ले गई थी। इसी बीच जब देहरादून पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसने रानीपोखरी की एक युवती का धर्मांतरण कराने का प्रयास किया था। उसे यहां से दिल्ली ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस ने 18 जुलाई को युवती के परिजनों की शिकायत पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। युवती को इस्लाम में आने के लिए मरियम नाम दिया गया था। मरियम से जब पूछताछ की गई तो उसने इस गिरोह के बारे में और भी जानकारी दी। पता चला कि इस गिरोह ने प्रेमनगर में रहकर पढ़ाई कर रही सुमैया नाम की युवती को भी अपने झांसे में लिया है। उसका भी धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा है। सुमैया नाम भी उसे छांगुर गिरोह ने ही दिया है। सुमैया की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से हुई है। उसने गणित से बीएससी और फिर फाइन आर्ट्स से परास्नातक की डिग्री हासिल की। बरेली में रहने के दौरान ही वह एक मुस्लिम युवती के संपर्क में थी। उसने उसे फोन पर ही 2022 में कलमा पढ़ाया और कहा कि अब वह मुस्लिम बन गई है।

उसे इस्लाम के बारे में अच्छी–अच्छी बातें बताकर उसे तमाम तरह के प्रलोभन दिए जाने लगे। इसके बाद उसकी कश्मीर की कुछ युवतियों और युवकों से जूम एप के माध्यम से मीटिंग कराई गई। इसमें उसे धार्मिक शिक्षा दी जाने लगी। इसके बाद उसे पाकिस्तान के ग्रुप में जोड़कर उसे पाकिस्तान के मौलवियों से इस्लाम की शिक्षा दिलाई जाने लगी। पाकिस्तान के मौलवी ने उसे मुफ्त शिक्षा देने की बात कही लेकिन सुमैया उसे पैसा देना चाहती थी।

इसके लिए उसका संपर्क स्थानीय गुर्गों से कराया गया। उन्होंने उससे रुपये पहले दुबई भिजवाए और फिर वहां से पाकिस्तान के इस मौलवी को। एसएसपी ने बताया कि यह सब बात सामने आने के बाद पुलिस और उसके परिवार वालों ने सुमैया की काउंसलिंग कराई। पता चला है कि गिरोह उसे दिल्ली के रास्ते दुबई भेजने वाला था। वहां पर उसका एक मुस्लिम युवक से निकाह कराया जाना था। इसके बाद उसके भाई की शिकायत पर प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

**आरोपियों को बी वारंट पर लाएगी पुलिस**

एसएसपी ने बताया कि इस मामले में सभी छह आरोपी यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किए थे। इन सभी को अब देहरादून बी वारंट पर लाया जाएगा। इसके लिए टीम तैयार कर दी गई है जो कि आगरा में इस संबंध में आवेदन करेगी।

**ये हैं आरोपी**

अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्र पाल सिंह निवासी भगत विहार, करावलनगर, दिल्ली

अब्दुल रहीम (अब्दुल रहमान का बेटा)

अब्दुल्ला (अब्दुल रहमान का बेटा)

अब्दुर रहमान उर्फ रुपेंद्र प्रताप सिंह निवासी शंकरपुर, सहसपुर देहरादून (रानीपोखरी के मुकदमे में नामजद)

आयशा उर्फ कृष्णा निवासी ओल्ड गोवा (रानीपोखरी के मुकदमे में नामजद)

**पाकिस्तानी ऑनलाइन लूडो के खेल में धर्म परिवर्तन का खेल**

सुमैया ने पुलिस को बताया कि उसने गिरोह के कहने पर पाकिस्तानी मोबाइल एप लूडो स्टार डाउनलोड किया था। वह पाकिस्तान के लोगों के साथ लूडो खेलने लगी। इनसे उसकी बातें भी होने लगीं। बातों ही बातों में पाकिस्तानियों ने इस्लाम के बारे में बात करना शुरू किया। सुमैया की रुचि इस्लाम में है यह जानकार वह उसका स्वागत गर्मजोशी से करने लगे। उसे लगने लगा कि वह एक सेलिब्रिटी की तरह है।

# सम्पादकीय

## भीड़ प्रबंधन में नाकामी

उत्तराखंड सरकार और हरिद्वार पुलिस अभी कावड़ मेले के सकुशल संपन्न होने पर अपनी ही पीठ थपथपा रही थी कि एक धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ा भारी हादसा हो गया, जिसमें 6 लोगों की जान चली गई और कई दर्जन लोग घायल हो गए जिनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा हरिद्वार में ही हुआ जहां सिद्ध पीठ मनसा देवी मंदिर में मार्ग पर अफवाह फैलने से भगदड़ मच गई, छह लोगों की जान चली गई और कई लोग हादसे का शिकार हो गए जिनमें बच्चे भी शामिल है। इस हादसे ने हरिद्वार पुलिस की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए और एक ज्वलंत प्रश्न पैदा कर दिया की क्या सिर्फ कावड़ मेंले के लिए ही पूरा पुलिस बल एक पैर पर खड़ा था और कावड़ यात्रा संपन्न होने के बाद व्यवस्थाओं को बदहाली में छोड़ दिया गया? श्रावण मास एवं रविवार होने के कारण मनसा देवी मंदिर में उम्मीद से अधिक भीड़ थी जिसमें ज्यादातर लोग गैर राज्यों के थे और दर्शनों के लिए आए थे। पुलिस व्यवस्था के नाम पर चंद पुलिस कर्मियों को लगाकर शायद ड्यूटी की औपचारिकताएं ही निभाई जा रही थी, जो आपात स्थिति में पूरी तरह से फेल हो गई। श्रद्धालुओं को भारी भीड़ के बावजूद नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और ना ही श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने के लिए व्यवस्थित तरीके से भेजा जा रहा था। मनसा देवी का यह हादसा बताता है कि यदि आप किसी सफल आयोजन का श्रेय लेने के लिए अपनी पीठ थपथपाते हो तो ऐसे हादसों के लिए अपनी जिम्मेदारियां को भी स्वीकार करना चाहिए। हकीकत तो यह है कि उत्तराखंड के अधिकांश विख्यात धार्मिक स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस व्यवस्था ही नहीं है, यह कहा जा सकता है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा बस भगवान भरोसे ही है। उत्तराखंड देवभूमि में हर वर्ष पूरे बारह महीने देश और दुनिया भर से श्रद्धालु तीर्थ यात्रा व मंदिरों के दर्शन करने पहुंचते हैं और ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के राज्य में स्थाई इंतजाम होने चाहिए जिससे मनसा देवी मंदिर में आज की तरह की दुर्घटनाएं ना हों। इस घटना के लिए जिला प्रशासन हरिद्वार व मनसा देवी मंदिर प्रबंध समिति अपनी जिम्मेदारियां से बच नहीं सकती। यह संभव नहीं है कि प्रशासन एवं मंदिर समिति को इस बात का अनुमान नहीं होगा कि सावन और रविवार होने के कारण भीड़ का दायरा क्या होगा? बावजूद इसके गंभीरता को समझा नहीं गया और व्यवस्थाओं को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। कहा जा रहा है कि भीड़ में करंट दौड़ने की अफवाह फैली और इसी दौरान भगदड़ मची। मनसा देवी का पैदल मार्ग ज्यादा चौड़ा नहीं है और खास अवसरों पर इस मार्ग पर भारी भीड़ हो जाती है। इन परिस्थितियों में जिला प्रशासन को यहां व्यापक पुलिस बल तैनात करना चाहिए था एवं क्रमबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को दर्शनों के लिए भेजना चाहिए था। उत्तराखंड में चार धामों के अलावा सैकड़ों की संख्या में प्रसिद्द सिद्ध पीठ व मंदिर हैं। हरिद्वार में छह साल में अर्धकुंभ व बारह वर्षों में महाकुंभ का मेला होता है , हर साल कांवड़ यात्रा एक महीने चलती है इसके अलावा तमाम तीज त्यौहार में हरिद्वार ऋषिकेश में प्रमुख स्नान होते हैं जो हर वर्ष होते ही हैं किन्तु राज्य में कोई भी स्थाई व्यवस्था भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा की इस दृष्टि से नहीं है जिसके कारण इस प्रकार की अनहोनी होती हैं। इस हादसे के बाद अब सरकार को ऐसे आयोजनों के लिए ठीक वैसी ही व्यवस्था बनानी चाहिए जैसे की कावड़ मेला या फिर चार धाम यात्रा आयोजन के लिए की जाती है जिसमें व्यापक तौर पर विभिन्न जनपदों से पुलिस बल को तैनात किया जाता है। विशेष आयोजनों के दौरान टोकन व्यवस्था सुरक्षा का एक मजबूत विकल्प साबित हो सकता है। सरकार दावे तो बहुत करती है लेकिन कहीं ना कहीं आपदा प्रबंधन का चक्रअभी भी मजबूत नहीं बन पाया है। इस हादसे के बाद कुछ दिन व्यवस्था सख्त नजर आएगी, शासकीय स्तर पर दिशा निर्देश भी जारी किए जाएंगे लेकिन समय के साथ—साथ सब कुछ पहले की तरह हो जाएगा शायद अगले किसी बड़े हद से तक के लिए।

# भारत के समक्ष आर्थिक और सैन्य चुनौतियां

**नये सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में देश के पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नये दौर के उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल—ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर के तहत भारत—पाकिस्तान संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है, और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। लेकिन अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति—संपन्न देश बनना भी जरूरी है।**

**जयंतीलाल भंडारी**

यकीनन इस समय भारत के समक्ष जो आर्थिक और सैन्य चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर भारत को दुनिया की नई वैंकि आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है।

चार जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है।

यद्यपि एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह अध्यक्ष के रूप में कोई विशेष शक्ति नहीं रखता, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है। पाकिस्तान की सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार—बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू—कश्मीर में आतंकवाद को वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिल कर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इस नये सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में देश के पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नये दौर के उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल—ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर के तहत भारत—पाकिस्तान संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है, और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है।

लेकिन अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति—संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है, और शक्ति से ही भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी—कारोबारी और पूरे देश का जन—बल एकजुटता से कदम बढ़ाते दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि पिछली 24 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पिछले 11 वर्षो में सरकार ने आर्थिक—सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया।

वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की। ऐसे में भारत, दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों से शक्ति—संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। निस्संदेह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था इसे वैंकि आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिला देने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बन कर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से कई देशों में पेट्रोल—डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभर कर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है।यह भी महत्त्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा। भारत का बड़ा घरेलू बाजार, कम निर्यात निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती श्रम शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने के लिए मजबूत स्थिति में रखा है।

युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं, और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025—26 में 6.5 फीसद रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वि आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते दिखाई देगा। निश्चित ही इजरायल—ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा केवल परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते। किंतु इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत को परमाणु हथियारों को उन्नत होना भी जरूरी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक परमाणु हथियारों की संख्या में कमी का युग खत्म हो रहा है।अब परमाणु हथियारों में वृद्धि और हथियार नियंतण्रसमझौतों को छोड़ने की प्रवृत्ति दिख रही है। दुनिया के नौ परमाणु शक्ति—संपन्न देश—अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल—सभी अपने परमाणु हथियारों को और उन्नत करने में जुटे हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है, ऐसे में भारत का उच्च परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल—ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से निकले उम्मीदों भरे आर्थिक—सामरिक सबक के मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति—संपन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

# आयातित कारें बेचने आई मस्क



जिस दिन देश में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आने की रिपोर्ट आई ठीक उसी दिन अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने धूमधाम से भारत में प्रवेश कर लिया। टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटरझ खोला है। खेद की बात यह कि कंपनी भारत में कार बनाने नहीं, बल्कि आयातित कारें बेचने आई है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन स्थित शंघाई विनिर्माण संयंत्र में बने मॉडल 'वाईझ को आयात करके भारत में बेचेगी जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपये है।

मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाईझ कभी दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार थी। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध होगी। दोनों कारें एक बार की चार्जिग में क्रमशः 500 और 622 किमी. का सफर तय कर सकती हैं। मस्क की कंपनी टेस्ला कुछ समय से बिक्री में गिरावट से जूझ रही है। मस्क लंबे समय से भारत में टेस्ला को लाने की प्लानिंग कर रहे थे। उनकी योजना भारत में टेस्ला का कारखाना लगाने की भी थी। भारत में जिस मॉडल की कीमत लगभग 60 लाख रु पये है, उसी मॉडल की कीमत अमेरिका में 44,990 डॉलर यानी लगभग 39 लाख रु पये है, चीन में 36,700 डॉलर यानी 32 लाख रु पये और जर्मनी में 45,970 डॉलर यानी करीब 39 लाख 50 हजार रुपये है। टेस्ला भारत में जिन कारों को ग्राहकों के लिए लेकर आएगी उन पर करीब 100 फीसद टैरिफ लगेगा। टेस्ला के भारत में आने से हमें बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। जब तक यह भारत में विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाती तब तक भारतीयों को अपने बीच के ही चंद अरबपतियों की कारें देख कर खुश होना पड़ेगा। वैसे भी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों के प्रीमियम ग्रुप को ही लक्ष्य बना रही है। ये भारत के कुल ऑटोमोबाइल मार्केट का 4 फीसद है। टेस्ला, इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स और महिंद्रा से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगी। उसका मुकाबला होगा बीएमडब्ल्यू और मर्सडिज—बेंज से। सरकार कहती है कि देश में लोग तेजी से गरीबी की रेखा से ऊपर आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की राय इसके उलट है। आप भी टेस्ला की कार चलाना चाहते हैं तो अमेरिका से ट्रेड डील या भारत के टैरिफ घटाने का इंतजार करें।

# पाकिस्तानी आतंकवाद से निपटना हमारा ही जिम्मा है

**विवेक भारती**

पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री ने ऐलान किया कि अमेरिका 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को एक नामित विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की फेहरिस्त में शामिल करेगा। उन्होंने कहा कि टीआरएफ लश्कर—ए—तैयबा का ही छद्म संगठन था, जिसने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। जब अमेरिका किसी संगठन को एफटीओ और एसडीजीटी के रूप में नामित करता है, तो कई चीजें होती हैं। अव्वल तो यह कि अमेरिका में उसकी सभी वित्तीय संपत्तियों को फ्रीज कर दिया जाता है। दूसरे, ऐसे किसी संगठन को सामग्री या संसाधन मुहैया कराना एक संघीय अपराध बन जाता है। ऐसे एफटीओ द्वारा कोई भी धन एकत्र किया जाता है तो बैंकों को इसकी जानकारी देनी पड़ती है। वहीं किसी संगठन को एसडीजीटी के तौर पर नामित करने पर भी इससे मिलते—जुलते ही प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

जैसा कि हम देख सकते हैं कि ये कोई बहुत प्रभावशाली कार्रवाई नहीं है। लश्कर—ए—तैयबा को 2001 में एफटीओ और 2005 में एसडीजीटी घोषित किया गया था। उसे पैसा और सहायता देने वालों के नाम भी घोषित किए गए। इससे भले ही लश्कर के विदेशों में धन एकत्रित करने पर रोक लगी होगी, लेकिन इस कार्रवाई का असर सीमित ही रहा, क्योंकि इस संगठन को पाकिस्तानी सेना से पैसा और सहयोग मिल रहा है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जैसे ही लश्कर को एफटीओ घोषित किया गया, इसने अपना नाम बदल कर जमात—उद—दावा (जेयूडी) रख लिया। इस आतंकी संगठन ने दावा किया कि वह अब सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर से संचालित हो रहा है।

लश्कर के एसडीजीटी के तौर पर नामित होने का सबसे बड़ा असर संभवतः फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की प्रक्रिया थी, जिसके जरिए 2018 में पाकिस्तान पर दबाव बनाया गया था। इसी ने पाकिस्तान को हाफिज मुहम्मद सईद, जकीउर रहमान लखवी और साजिद मीर को आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप में दोषी ठहराने के लिए मजबूर किया। सईद को 33 साल, लखवी को 5 साल और मीर को 15 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि, हम यह नहीं जानते कि ये लोग सच में ही जेल में हैं या पाकिस्तानी सेना के किसी ठिकाने पर रह रहे हैं।

2008 में संयुक्त राष्ट्र ने '1267 समिति' के तहत प्रतिबंध लगाए थे। जेयूडी को भी इस सूची में यह कहते हुए शामिल कर लिया कि यह भी लश्कर का ही एक मोर्चा था। पाकिस्तान को भी जेयूडी पर प्रतिबंध लगाने के लिए मजबूर किया गया। लेकिन जेयूडी/लश्कर फिर तहरीक—ए—तहफुज किबला अवल जैसे दूसरे नाम से काम करते रहे। 2014 में इसे भी एफटीओ सूची में डाल दिया गया। पुलवामा के बाद पाकिस्तान ने जेयूडी और इसकी चैरिटी शाखा फलाह—ए—इंसानियत ट्रस्ट पर पुनः प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन संगठन ने फिर अपना नाम बदल लिया। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद यह टीआरएफ के नाम से फिर उभर आया और कश्मीर में कई हमलों की जिम्मेदारी ली।अमेरिका की कार्रवाई उपयोगी है और एक वैश्विक तौर पर लश्कर को अलग—थलग करने में मदद भी करती है। लेकिन वास्तविकता के धरातल पर आतंकी संगठन के लिए इसके परिणाम सीमित ही हैं। इसीलिए यह थोड़ा अजीब लगता है कि भारत में मीडिया और सरकार इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए आतंकवादी संगठन टीआरएफ पर अमेरिका का निर्णय भारत को खुश करने की इच्छा से प्रेरित लग रहा है, क्योंकि पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर के बावजूद अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते गठजोड़ से भारत नाराज था।इसे अपनी एक 'प्रमुख कूटनीतिक जीत' बता रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे आतंकवाद के खिलाफ सहयोग का 'दृढ़ संकल्प' बताया है। जबकि अमेरिका की कार्रवाई काफी सामान्य थी और 2001 से लश्कर को नियंत्रित करने की उनकी नीति के अनुरूप थी।

# 2 सोल्जर, मिशन एक इंडिया फर्स्ट, वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मास एक्शन फिल्म वॉर 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है. यशराज बैनर तले बनी फिल्म को ब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है. वॉर 2 एक मास एक्शन फिल्म है, जिसका इंतजार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के फैंस को बेसब्री से है. इससे पहले जब फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था तो उसने फैंस की बेताबी को बढ़ा दिया था. अब वॉर 2 के ट्रेलर ने दर्शकों के लिए फिल्म की रिलीज का इंतजार और लंबा कर दिया है, क्योंकि ट्रेलर देखने के बाद फिल्म की रिलीज का इंतजार और भी ज्यादा होने लगेगा.




2.35 मिनट के वॉर 2 के ट्रेलर की शुरुआत देश के लिए मर—मिटने वाले डायलॉग से होती है, जिसमें सबसे पहले ऋतिक रोशन कहते हैं, मैं शपथ लेता हूं, मैं अपना नाम, पहचान, अपना घर परिवार सब त्याग कर एक साया बन जाऊंगा, एक बेनाम अंजान साया. इसके बाद जूनियर एनटीआर शपथ लेते कहते हैं, मैं शपथ लेता हूं मैं वो सब करूंगा जो कोई और नहीं कर सकता, जिस कोई नहीं कर सकता, उसे मैं करूंगा. इसके बाद ऋतिक अपनों को छोड़ने की बातें करते हैं तो वहीं जूनियर एनटीआर बुराई और गलत को मिटाने के लिए सारी हदें पार करने की बात करते हैं. इसके बाद ट्रेलर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच तगड़ी जंग देखने को मिलती है. वॉर 2 का ट्रेलर जोश भरते हुए शुरु होता है और अंत में एक सरप्राइज छोड़ जाता है.ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर पहली बार पर्दे पर साथ में नजर आ रहे हैं. एक बॉलीवुड तो दूसरा साउथ सिनेमा का एक्शन एक्टर है.

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में चटाई धूल, ग्लेन मैक्सवेल ने खेली तूफानी पारी

नई दिल्ली,ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का दबदबा वेस्टइंडीज पर जारी है. कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर में जाकर 5 मैचों की टी20 सीरीज के लगातार 4 मैचों में हरा दिया है. ऑस्ट्रेलिया ने बस्सेटेरे में खेले गए चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4 बॉल बाकी रहते हुए 3 रनों से हरा दिया.

इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 206 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया. इस जीत के हीरो ग्लेन मैक्सवेल रहे.




मैक्सवेल ने मैच में 18 बॉल पर 1 चौके और 6 छक्कों के साथ 261.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 47 रनों की पारी खेली. इस मैच में उन्होंने 2 कैच भी पकड़े, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. मैक्सी के अलावा जोश इंग्लिस ने 51 और कैमरून ग्रीन ने 55 रनों की पारी खेली. वेस्टइंडीज के लिए जेडियाह ब्लेड्स ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए.

इससे पहले वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए. उनके अलावा रोवमैन पॉवेल और रोमारियो शेफर्ड ने 28—28 रनों की पारी खेली. जेसन होल्डर ने 26 रनों की पारी खेली. ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए.ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह वाकई एक बेहतरीन ऑलराउंड प्रयास था. शुरुआत में कुछ विकेट लेना अच्छा रहा क्योंकि वेस्टइंडीज जैसी टीम हमेशा कड़ी टक्कर देती है. गेंद से यह एक बेहतरीन प्रयास था. हमने एक टीम के रूप में दबाव में शांत रहने की बात कही है और मैं इससे वाकई खुश हूं'.

# दर्शन—काली वेंकट स्टारर हाउस मेट्स की सामने आई रिलीज डेट

एक्टर दर्शन और काली वेंकट स्टारर फैंटेसी—हॉरर—कॉमेडी 'हाउस मेट्सझ् सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए रिलीज डेट की जानकारी दी।

सिवाकार्तिकेयन प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक छत के नीचे रोमांच, कॉमेडी का तूफान आने वाला है! हाउस मेट्स 1 अगस्त से सिनेमाघरों में आ रही है।

'हाउस मेट्सझ् का निर्देशन टी. राजवेल ने किया है और इसे एस. विजयप्रकाश ने प्रोड्यूस किया है। दर्शन के साथ—साथ काली वेंकट भी फिल्म में



अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में अर्षा बैजू, विनोदिनी, धीना, सुरेश और अब्दुल ली जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिकाओं में हैं। सिनेमैटोग्राफी एमएस सतीश ने की है, जबकि संगीत राजेश मुरुगेसन का है, जिन्होंने 'नेरमझ् और 'प्रेममझ् जैसी फिल्मों में काम किया है। फिल्म की एडिटिंग निशार शरीफ और आर्ट डायरेक्शन एनके राहुल ने संभाला है। स्टंट्स दिनेश कासी और कॉस्ट्यूम्स नंधिनी नेदुमरन ने डिजाइन किए हैं। मशहूर निर्देशक एसपी शक्तिवेल इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं।फिल्म यूनिट के एक सूत्र ने पहले समाचार एजेंसी को बताया था कि यह फिल्म एक फैंटेसी आइडिया पर आधारित है, जिसे हॉरर—कॉमेडी के रूप में पेश किया जाएगा।

## बॉक्स ऑफिस पर सैयारा ने 7वें दिन भी की बंपर कमाई

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने रिलीज होते ही सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया। 18 जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखा रही है। कामकाजी दिनों में भी इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। अब सैयारा के सातवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 18.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 172.50 करोड़ रुपये हो गया है।

## एशिया कप 2025 –पाकिस्तान के खिलाफ मैच से इस बार नहीं हट सकती भारतीय टीम!

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के शेड्यूल के एलान के साथ ही भारतीय फैंस का गुस्सा फूट पड़ा। एशियन क्रिकेट काउंसिल द्वारा शनिवार को जारी किए गए कार्यक्रम के मुताबिक 9 सितंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टक्कर 14 सितंबर को होगी। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तल्खी है।

हाल ही में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना कर दिया था। ऐसे में उस मैच को रद करना पड़ा था। अब एशिया कप 2025 में भारत—पाकिस्तान मैच को लेकर फैंस की अलग—अलग प्रतिक्रिया आ रही है। उनका कहना है कि




भारत को एशिया कप ही नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, भारतीय टीम एशिया कप और पाकिस्तान के खिलाफ मैच से नहीं हट सकती। आइए इसका कारण जानते हैं।

बीसीसीआई से मिली हरी झंडी

एशियाई क्रिकेट परिषद (अउउ) की बैठक में भारतीय बोर्ड द्वारा हरी झंडी मिलने के बाद भारत—पाकिस् तान के बीच मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। एसीसी ने शनिवार को एशिया कप का कार्यक्रम जारी किया जिसमें पुष्टि की गई कि भारत और पाकिस्तान के बीच लीग चरण का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। दोनों टीमों को यूएई और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बीसीसीआई सूत्रों ने रविवार को आईएएनएस को बताया, "बीसीसीआई अब टूर्नामेंट या मैच से हट नहीं सकता। एसीसी की बैठक के बाद इस फैसले पर सहमति बनी। भारत मेजबान देश है, इसलिए इस समय कुछ भी नहीं बदला जा सकता। आधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई और उसके अनुसार नतीजा तय किया गया। मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।" एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी होने के बाद बीसीसीआई ने अभी तक इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के बहिष्कार पर कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं किया है।

## एक नजर

### बेलेश्वर धाम में 30 से तीन पुराणों का होगा आयोजन

नई टिहरी। प्रथम केदार श्री बेलेश्वर धाम में तीन पुराणों का आयोजन आगामी 30 जुलाई से 9 अगस्त तक किया जाएगा। जिसके लिए मंदिर समिति की बैठक में यज्ञ संचालन समितियों का गठन किया गया। बैठक में श्री शिव महापुराण, देवी भागवत एवं स्कंध पुराण के आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसमे स्कंध पुराण के सात भागों के लिए व्यास नियुक्त किए गए। आयोजन के प्रथम दिवस पर विभिन्न गांवों से देव डोलियां एवं निशान कथा मंडप पर आमंत्रित किए गए हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष बेलीराम तिवाड़ी ने बताया कि विश्व शांति एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए तीन पुराणों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सात गांवों के देवी–देवता एवं आम जनता तथा श्रद्धालु शिरकत करेंगे। यज्ञ संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक में केदार सिंह रौतेला, चंदन सिंह पोखरियाल, उम्मीद सिंह चौहान, विजयराम जोशी, डबल सिंह बिष्ट, शैलेंद्र रतूड़ी, इंद्र सिंह रावत, द्वारिका प्रसाद मैठानी, विशेश्वर प्रसाद जोशी, गैना सिंह पंवार, सूरत सिंह रावत, शूरवीर सिंह बिष्ट सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### लापता किशोर परिजनों को सौंपा

चमोली। कर्णप्रयाग पुलिस ने तत्परता से लापता किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। शनिवार को एक व्यक्ति घबराए हुए थाना कर्णप्रयाग पहुंचा। उसने पुलिस को सूचना दी कि उसका 15 वर्षीय बेटा सुबह सात बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। परिवार वालों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला पा रहा है। पुलिस ने बालक की तलाश के लिए कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और गुमशुदा बालक गौचर बाजार में एक सीसीटीवी कैमरे में घूमता हुआ दिखाई दिया। गुमशुदा बालक को गौचर से बरामद कर पुलिस द्वारा उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### झमाझम बरसे बदरा, उमस से मिली निजात, जल भराव से आफत

विकासनगर। पछुवादून में जलभराव मुसीबत बन रहा है। हालांकि बारिश लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात भी दिला रही है। रविवार दोपहर हुई बारिश से विकासनगर, सेलाकुई में जगह–जगह जल भराव हो गया। इससे यातायात भी प्रभावित रहा। पछवादून में जल निकासी की समस्या दशकों पुरानी है। बरसात के दौरान जल भराव से लोग परेशान रहते हैं। रविवार को हुई बारिश से विकासनगर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुख्य संपर्क मार्ग अस्पताल रोड समेत सिनेमा गली, पंजाबी कॉलोनी, कॉलेज रोड, विद्यापीठ मार्ग, मुस्लिम बस्ती, सैयद रोड में बारिश से जल भराव हो गया। जबकि सेलाकुई में एनएच समेत मिलन चौक, जमनपुर रोड, सिडकुल गेट, एसबीआई के सामने, हरिपुर चौक समेत राधा कृष्ण मंदिर के सामने तालाब बने नजर आए। जिससे व्यापारियों के साथ ही आम लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने के कारण लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने बाजार पहुंचे थे, जिन्हें गलियों के जलमग्न होने से परेशानी झेलनी पड़ी। कई लोग बिना खरीदारी किए ही घर लौट गए। उधर विकासनगर के पालिकाध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल ने बताया कि शहर को जल भराव की समस्या से निपटने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। सेलाकुई के अधिशासी अधिकारी एमएल शाह ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी गई है।

### डायरिया के मरीज बढ़े, बेस अस्पताल का बच्चा वार्ड हुआ पैक

हल्द्वानी। गर्मी और उमस के बीच डायरिया के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। हल्द्वानी के बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) की बाल रोग ओपीडी में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में 30फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बेस अस्पताल का बच्चा वार्ड पूरी तरह भर चुका है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ गया है। बेस अस्पताल में बच्चा रोग के डॉक्टर के पास लंबी लाइन लग रही है। यही हाल एसटीएच का भी है। करीब 150 की ओपीडी में 30 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं जो डायरिया से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार, गर्मी और उमस भरे मौसम में गंदा पानी और बासी भोजन डायरिया का प्रमुख कारण बन रहा है। बच्चों और बुजुर्गों में यह समस्या अधिक गंभीर हो रही है।

# सड़क पर बने गड्ढे तोड़ रहे कमर, नींद में सिस्टम

- बरसात में बदहाल पड़ी सड़कों ने बढ़ाई मुश्किल
- गड्ढों की चपेट में आने से चोटिल हो रहे चालक



कोटद्वार के पटेल मार्ग तिराहे के समीप बीच सड़क पर बना गड्ढा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः बरसात के मौसम में बदहाल शहर की सड़कों ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी है। जगह-जगह कीचड़ व पानी से भरे गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। लगातार शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में यह लापरवाही कब किसके जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, गड्ढों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

शहर में शायद ही कोई ऐसा मुख्य मार्ग या गली मोहल्लों को जोड़ने वाली सड़क हो जहां गड्ढे न दिखाई दें। कई स्थानों पर सड़क के बीच सरीया तक निकले हुए हैं। सबसे अधिक समस्या पटेल मार्ग, देवी रोड, मानपुर, पदमपुर सहित अन्य मुख्य मार्गों पर बनी हुई है। हल्की वर्षा होने पर चुनौती अधिक बढ़ जाती है। दअरसल, गड्ढों में पानी भरने के कारण इसका अंदाजा नहीं लग पाता। जिससे दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। पटेल मार्ग पटेल मार्ग तिराहे में बीच सड़क पर बने गड्ढे की चपेट में आने से शनिवार शाम एक स्कूटी सवार युवती घायल हो गई थी। मानुपर से पदमपुर को जाने वाले मार्ग पर तो गड्ढों के बीच सड़क को खोजना पड़ रहा है। यही स्थिति गाड़ीघाट से काशीरामपुर तल्ला को जाने वाले मार्ग की बनी हुई है। शहर के वार्डों में भी सड़क की स्थिति बदहाल होती जा रही है। दो सप्ताह पूर्व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क के गड्ढों में धान की रोपाई कर इसका विरोध भी जताया था। जिसके बाद लोकनिर्माण विभाग ने देवी रोड में हुए कुछ गड्ढों की मरम्मत को कर दी। लेकिन, अन्य सड़कों पर ध्यान नहीं दिया।

### कुर्सी दौड़ में सुलेखा व अंताक्षरी में शिव कीर्तन मंडली रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कडक पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति व शिव शक्ति कीर्तन मंडली की ओर से हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस दौरान कुर्सी दौड़ में सुलेखा सकलानी व अंताक्षरी प्रतियोगिता में शिव कीर्तन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष बबलू नेगी ने किया। काशीरामपुर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सुलेखा सकलानी प्रथम रही। अंताक्षरी प्रतियोगिता में शिव कीर्तन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाली तीज पर महिलाओं ने झूले का आनंद लिया। इस मौके पर संदीप बिष्ट, अंचल कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपी हुए दोषमुक्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी धर्म सिंह की अदालत ने वर्ष 2020 में थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट के एक मामले के चार आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। चारों आरोपी 23 दिसंबर 2020 से जमानत पर चल रहे हैं। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी 15 नवंबर 2020 को हुई थी।जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भट्ट ने बताया कि थाना लक्ष्मणझूला निवासी विशाल सिंह ने 15 नवंबर 2020 को थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि वानप्रस्थ आश्रम के समीप 14 नवंबर 2020 की देर रात करीब 11 बजे उनके पिता काशी सिंह (64), भाई दयाशंकर सिंह (29) व ममेरा भाई मिथलेश (29) चाय की दुकान बंद कर भोजन कर रहे थे। तभी तीन-चार युवक सिगरेट मांगने लगे। पिता ने दुकान बंद हो गई, कहकर सिगरेट देने से मना कर दिया तो युवक गाली–गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थोड़ी देर बाद आरोपी लोहे की रॉड व लाठी लेकर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए लेकिन हमले में उनके पिता और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर पुलिस ने आरोपी सौरभ पांडे, अमेठी यूपी, विकास सिंह उर्फ राहुल रायबरेली यूपी, सुधीर बदायूं यूपी और राजमोहन मुजफ्फरपुर बिहार निवासी पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपी वर्तमान में ऋषिकेश के विभिन्न इलाकों में रह रहे हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता महेश बलूनी ने बताया कि कोर्ट ने उक्त मामले में चारों को दिसंबर 2020 से जमानत दी थी। अब आरोपियों पर दोष सिद्ध नहीं हो पाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है।

## तैयारी पूरी, आज होगा मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः 28 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दूसरे चरण के लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रचार थमने के बाद प्रत्याशी घर-घर जाकर समर्थन जुटाने में लगे थे।

देवप्रयाग ब्लॉक की 105 ग्राम पंचायतों में से 30 ग्राम प्रधान और 38 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से पांच निर्विरोध चुने जा चुके हैं, जबकि बाकी सीटों पर जोरदार टक्कर जारी है।जिला पंचायत की चार सीटों में से तीन सामान्य महिला और एक अनारक्षित सीट पर रोचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। गोर्थीकांडा सीट पर भाजपा समर्थित सैनिक परिवार से आने वाली हेमा पंत का आम आदमी पार्टी छोड़ चुकीं युवा नेत्री पुष्पा रावत से सीधा मुकाबला है। इस सीट पर पूर्व छात्रसंघ महासचिव ममता रावत और कारोबारी पृष्ठभूमि की शशि रावत भी मैदान में हैं। जामटी सीट पर भाजपा समर्थित एडवोकेट प्रभात बिष्ट, डीडी पंत, यशवंत नेगी, रविंद्र सेमवाल और निवर्तमान सदस्य देवेंद्र भट्ट के बीच कड़ी टक्कर है। यह सीट स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। भल्लेगांव सीट पर भाजपा की रजनी पयाल को सुनीता पंवार, भुवनेश्वरी कैंतुरा और शैल बाला ममगाईं से चुनौती मिल रही है। पलेठी सीट पर कांग्रेस की पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा भट्ट एक बार फिर मैदान में हैं, जबकि भाजपा का कोई प्रत्याशी नहीं है। यहां रोशनी चौहान उन्हें टक्कर दे रही हैं। क्षेत्र पंचायत छड़ियारा जरोला से पूर्व मंत्री शुरवीर सिंह सजवाण के पुत्र अरविंद सजवाण मैदान में हैं। उनकी पूर्व क्षेपं सीट पंचूर इस बार महिला आरक्षित होने के कारण उन्होंने छड़ियारा जरोला से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### चिकित्सालय के रिजिस्ट्रेशन हाल में लगाए एग्जास्ट फैन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने राजकीय बेस चिकित्सालय के रजिस्ट्रेशन हाल में वेंटिलेशन को सुचारू करने के लिए एग्जास्ट फैन लगवाने की मांग की है। कहा कि मरीजों व तीमारदारों के हितों को देखते हुए जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने बेस चिकित्सालय में पहुंच इस संबंध में मांगपत्र दिया। बताया कि बेस अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं, जिसके लिए उन्हें रजिस्ट्रेशन हाल में ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए लाइन में लगना पड़ता है। कहा कि हाल में एग्जास्ट फैन नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में व्यवस्था बनाने के लिए हाल में एग्जास्ट फैन लगाया जाना आवश्यक है।

## सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने उठाई समस्याएं




विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी से मुलाकात करते सस्ता गल्ला विक्रेता सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए वह पिछले लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं।

बालासौड़ स्थित एक रिसोर्ट में क्षेत्र के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के साथ हुई बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी गल्ला विक्रेता सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का सबसे अहम माध्यम हैं। कहा कि राशन कार्ड के माध्यम से सस्ता गल्ला विक्रेता गांव की स्थिति और जरूरतों की जानकारी रखते हैं। विक्रेताओं को चाहिए कि वे निर्धारित समय सीमा और शालीन व्यवहार के साथ राशन वितरण करें। सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता समिति के संरक्षक सुमन कोटनाला ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। कहा कि कोटद्वार विधानसभा में सभी विक्रेताओं के बीच समन्वय बना कर गरीब परिवारों तक समय पर राशन पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कोटद्वार के विकास के लिए विधानसभा अध्यक्ष की सोच व प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर गल्ला विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को विस अध्यक्ष के समक्ष रखा। बताया कि उनके लाभांश के बिलों का भुगतान पिछले डेढ़ वर्ष से लंबित है। कहा कि विभाग ई-केवाईसी प्रक्रिया को तुरंत अनिवार्य कर रहा है, जो कि गलत है। राशन डीलरों पर जहां आफिस कार्यों का भार डाला जा रहा है, वहीं राशन वितरण की बायोमेट्रिक प्रक्रिया परेशानी का सबब बन रही है। मांग उठाई कि नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र में राशन वितरण तय माह पर ही करवाया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों में भले ही आगामी माह का राशन एडवांस में दिया जाए। शेष खाद्यान्न पर अग्रिम चलन लगाने का दबाव न बनाया जाए। कहा कि पिछले दो वर्षों से लंबित आंगनबाड़ी किराया टिकट का भुगतान जल्द करवाया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी बिंदुओं पर गहन चर्चा कर इन मुद्दों को सरकार के सामने रख कर शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर खाद्य आपूर्ति निरीक्षक करण क्षेत्री, समिति अध्यक्ष नंदकिशोर कुकरेती, सचिव अभिषेक नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष व पार्षद पिंकी खंतवाल, उमेद सिंह बिष्ट, मोहिनी काला नवानी आदि मौजूद रहे।

## कविता पाठ में प्रणिका, ईवा, नक्ष व अन्वित रहे अव्वल



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाबर स्थित यूनिकस अकादमी में देशभक्ति की भावना और उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कविता पाठ में प्रणिका, ईवा, नक्ष व अन्वित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने वीर शहीदों के बलिदान को लेकर नाटक प्रस्तुत किया। नन्हें बच्चों की इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके उपरांत किंडरगार्टन के विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्ले ग्रुप की प्रणिका, नर्सरी की ईवा व एलकेजी के नक्ष व यूकेजी के अन्वित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी प्रतियोगिता में तीलू रौतेली सदन के ओजस त्रिपाठी व जसवंत सदन के निष्कर्ष त्रिपाठी ने प्रथम रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में जसवंत सिंह रावत सदन की काव्या कुकरेती अव्वल रही। राखी निर्माण प्रतियोगिता में तीलू रौतेली सदन की नाव्या बिष्ट अव्वल रही। अकादमी के निदेशक अभय रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

### चित्रकला में दीक्षा व सामान्य ज्ञान में स्नेहा रही अव्वल

जयनत प्रतिनिधि। कोटद्वारः कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन की अदनाला रेंज में जेम्स एडवर्ड कार्बेट की 150-वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान आयोजित चित्रकला में दीक्षा प्रथम व सामान्य ज्ञान में स्नेहा गुसांई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमाल्डी में आयोजित कार्यक्रम में जेम्स एडवर्ड की जीवनी पर आधारित चित्रकला व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।

कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी अमोल इष्टवाल ने छात्रों को जेम्स एडवर्ड कार्बेट की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चित्रकला प्रतियोगिता में दीक्षा प्रथम, लव कुमार द्वितीय, महिमा तृतीय रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्नेहा गुसांई प्रथम, रिया द्वितीय व ज्योति तृतीय रहे। इस मौके पर वन दरोगा सुरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह रावत, शिक्षा बहुगुणा, अमित सिंह मौजूद रहे।

## योजना के लाभ को राशन कार्ड सत्यापन करवाना जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः शासन के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्रों में सभी राशन कार्डधारकों के लिए कार्ड सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। पूर्ति अधिकारी पौड़ी ने 19 जुलाई को जारी आदेश में कहा है कि उपभोक्ताओं को सत्यापन के लिए परिवार रजिस्टर की नकल और आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समयावधि में सत्यापन न कराने पर संबंधित राशन कार्ड निलंबित या निरस्त किए जा सकते हैं। यह आदेश फिलहाल केवल नगर निगम क्षेत्रों में लागू होगा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत चुनावों के चलते प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी।सत्यापन हेतु आय सीमा भी तय की गई है अंत्योदय कार्डधारकों की मासिक आय 4,000 रुपये से कम, एनएफएसए लाभार्थियों के लिए अधिकतम 15,000 रुपये और एपीएल कार्डधारकों के लिए 15,000 से 41,666 रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गई है। श्रीनगर के सस्ता गल्ला विक्रेता शिवलाल ने बताया कि विभागीय निर्देश मिलते ही उन्होंने अपनी दुकान पर सूचना चस्पा कर दी है ताकि उपभोक्ताओं को समय रहते जानकारी मिल सके।

पूर्ति निरीक्षक भानु प्रताप रावत ने कहा कि सभी डीलरों को सूचना चस्पा करने और उपभोक्ताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग जल्द ही सत्यापन की अंतिम तिथि घोषित करेगा।

## दूरस्थ क्षेत्रों की 24 पोलिंग पार्टियां बुथों पर सकुशल पहुंची

नई टिहरी। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल सम्पादन के लिए द्वितीय चरण के मतदान संपन्न करवाने को दूरस्थ क्षेत्रों की 24 पोलिंग पार्टियों को बीते शनिवार को ही रवाना कर दिया गया था। सभी 24 पार्टियां सकुशल अपने बुथों पर पहुंच गई हैं। दूसरे चरण में जनपद के चार विकास खण्डों में मतदान प्रक्रिया 522 पोलिंग पार्टियों ने संपादित करवानी है। इनमें विकास खण्ड चंबा में 134, देवप्रयाग 128, कीर्तिनगर 117 तथा नरेंद्रनगर में 143 पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। द्वितीय चरण के मतदान प्रक्रिया को दूरस्थ क्षेत्रों की 24 पोलिंग पार्टियों पोलिंग बुथों पर सकुशल पहुंच गई है। इनमें विकासखण्ड चंबा की 2 तथा नरेंद्रनगर की 22 पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। विकासखण्ड चंबा की 2 पोलिंग पार्टी में 8 प्रावि पसनी तथा 9 प्रावि घुड़सालगांव। विकासखण्ड नरेंद्रनगर की 22 पार्टियों में 1 प्रावि खानना प्रथम, 2 प्रावि खानना द्वितीय, 4 प्रावि भदनी, 5 राउप्रावि पाली, 6 प्रावि श्रीकोट, 9 प्रावि रणाकोट प्रथम, 10 प्रावि रणाकोट द्वितीय, 116 प्रावि क्यारा, 117 प्रावि जमोला, 118 प्रावि कोटर, 119 पं भवन कखूर दोगी, 120 प्रावि भागला, 121 राउमावि बांसकाटल, 122 प्रावि भैरगिड, 123 प्रावि घिगुड, 122 प्रावि भैरगिड, 133 राइका पावकी देवी प्रथम, 133 राइका पावकी देवी द्वितीय, 135 प्रावि बुगाला, 138 प्रावि पूर्वाला एवं 139 प्रावि ससमण की पोलिंग पार्टी रवाना की गई हैं।

### श्रीनगर में घरेलू गैस की आपूर्ति पटरी पर लौटी

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में घरेलू गैस की आपूर्ति पटरी पर लौटने लगी है। दरअसल, कांवड़ यात्रा और मैदानी इलाकों में जाम की स्थिति के कारण सिलेंडर के ट्रक सुचारु न पहुंचने से श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में रसोई गैस के उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। प्रतिदिन जहां एक ट्रक पहुंच पाता था वहीं स्थिति तीन से चार दिनों में एक ट्रक पहुंचने की बनी हुई थी। उपभोक्ता गैस बुकिंग तो करवा रहे थे लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। अब गैस वाहन सुचारु श्रीनगर पहुंचने लगा है और उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर आसानी से मिल पा रहा है।

## हरियाली तीज महोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा



कोटद्वार में हरियाली तीज के मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने शिरकत करते हुए हरियाली तीज मनाई। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाली तीज को परंपरा का हिस्सा बताया। कहा कि इस त्यौहार को महिलाएं बड़े उल्लास के साथ मनाती है। कहा कि सावन के महीने में तीज त्योहार मनाने का अलग ही महत्व है। कहा कि इस प्रकार के त्यौहारों को आपस मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्वक मनाने चाहिए। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को विधानसभा अध्यक्ष ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, पार्षद ऋतु चमोली, पार्षद नीरुबाला खंतवाल, रामेश्वरी देवी, नीना बैंजवाल, सुनीता कोटनाला, अभिलाषा भारद्वाज, रश्मि सिंह, उर्वशी अग्रवाल, मानेश्वरी बिष्ट, सोनिया असवाल, रेनू कोटनाला, मोहिनी काला मौजूद रहे।

## केदारनाथ में आपदा में मृत आत्माओं की शांति के लिए भागवत कथा का आयोजन

रुद्रप्रयाग। वर्ष 2013 की भीषण आपदा में केदारनाथ धाम में हजारों मृत आत्माओं की शांति के लिए आयोजित श्रीमद भावगत कथा एवं ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में लोग कथा श्रवण को पहुंच रहे हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग आदि जनपदों से वे लोग यहां पहुंचे हैं, जिन्होंने इस भीषण आपदा में अपनों को खोया है। कथा में सबसे अहम बात यह है कि केदारसभा के अध्यक्ष ने सभी आत्माओं की शांति के लिए बाल काटकर तर्पण देने का बीड़ा भी उठाया है। केदारसभा और बदरी–केदार मंदिर समिति के संयुक्त प्रयासों से केदारनाथ धाम में भव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा मंच पर ऐसी हजारों फोटो लगाई गई हैं, जो आपदा में हमेशा के लिए दुनिया से चल बसे। कथा के दौरान अधिकांश लोग इन्हीं फोटो पर नजर गाढ़े हुए हैं और इन भक्तों की आंखों से हर बार आंसू टपक रहे हैं। पूरी कथा में भावुक माहौल नजर आ रहा है। कथा के तीसरे दिन व्यास आचार्य स्वयंवर सेमवाल ने कहा कि हजारों दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए केदारसभा और बीकेटीसी के मन में जिस तरह से यह विचार आया वह सामान्य नहीं है। स्वयं भगवान ने उन्हें इस पुनीत कार्य करने की प्रेरणा दी। रविवार को केदारसभा के अध्यक्ष ने सभी आत्माओं की शांति के लिए तर्पण दिया। केदारसभा के सभी तीर्थपुरोहित इस धार्मिक अनुष्ठान में समर्पित होकर भागीदारी कर रहे हैं। केदारसभा के अध्यक्ष ने ऐसे लोगों से आह्वान किया जिनके अपने आपदा में हमेशा के लिए दुनिया छोड़ चले गए वे लोग केदारनाथ में अपनों की प्रतिमा लेकर कथा श्रवण को आएं, उनकी रहने और खाने की व्यवस्था केदारसभा और बीकेटीसी करेगी।

### डीएम ने फकोट में स्थलीय निरीक्षण किया

नई टिहरी। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम नितिका खंडेलवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नरेंद्रनगर ब्लॉक मुख्यालय फकोट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र में सभी बूथ, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, डिस्पैच सेंटर और जलपान व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने दूरस्थ क्षेत्रों की मतदान पार्टियों की रवानगी सहित रविवार को सभी पार्टियों के गंतव्य को लेकर जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्मिकों को आपसी समन्वय बनाकर निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने सेक्टर में मुस्तैदी से निगरानी के निर्देश दिए। डीएम नितिका ने जीआईसी में बने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया।

## दूसरे चरण में 2 लाख 46 हजार व 955 मतदाता करेंगे भागीदारी

नई टिहरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए सोमवार (आज) को वोट डाले जाएंगे। जिले के नरेंद्रनगर, चंबा, कीर्तिनगर और देवप्रयाग ब्लॉक के 2 लाख 46 हजार 955 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 1 लाख 17 हजार 921 महिला, 1 लाख 29 हजार 37 पुरुष और 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चरण में जिला पंचायत की 17 वार्ड में चुनाव होंगे। इसमें नरेंद्रनगर में 5 और चंबा, कीर्तिनगर और देवप्रयाग की 4–4 सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण के चुनाव के सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि नरेंद्रनगर, चंबा, कीर्तिनगर और देवप्रयाग ब्लॉक में कुल 522 पोलिंग पार्टियां चुनाव संपादित कराएंगे। चंबा में 134, देवप्रयाग 128, कीर्तिनगर 117 और नरेंद्रनगर में 143 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। बताया कि चंबा ब्लॉक में 31153 महिला, 33301 कुल 64454, देवप्रयाग में 29530 महिला, 32410 पुरुष कुल 61940, कीर्तिनगर में 26569 महिला, 282541 पुरुष, 7 थर्ड जेंडर कुल 54817 जबकि नरेंद्रनगर ब्लॉक में 30669 महिला, 35085 कुल 65754 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीएम ने बताया कि नरेंद्रनगर ब्लॉक में 5 जिला पंचायत सीटों पर 21 प्रत्याशी, चंबा में 4 सीटों पर 19, देवप्रयाग 4 में 15 और कीर्तिनगर में 4 सीटों में 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसी तरह क्षेत्र पंचायत की नरेंद्रनगर ब्लॉक में 40 सीटों पर 87 प्रत्याशी, चंबा में 40 सीटों में 103, देवप्रयाग में 38 में 88 और कीर्तिनगर में 40 सीटों में 125 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। उल्लेखनीय है कि नरेंद्रनगर और चंबा में 6–6, देवप्रयाग में 5 बीडीसी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेट्रो की जमीन खुर्द–बुर्द करने का आरोप

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने आईएसबीटी के समीप मेट्रो के लिए आरक्षित जमीन को खुर्दबुर्द करने के आरोप लगाया है। रविवार को जारी बयान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि आईएसबीटी के नजदीक जिस भूमि पर मेट्रो बनाए जाने के नाम पर अब तक 90 करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं, उस पर एक पत्थर तक रखा नहीं गया है। लेकिन अब उस जमीन पर करोड़ों रुपए पार्क बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में दो प्रबंध निदेशक बिना किसी कामकाज के अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। अब तीसरे प्रबंध निदेशक की नियुक्ति का मामला चल रहा है।

### जैव विविधता के लिए कैनाल रोड में रोपे फलदार पौधे

देहरादून। सामाजिक संस्था जन जागरण अभियान समिति ने रविवार को कैनाल रोड स्थित जागृति विहार के एमडीडीए पार्क में जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए 30 फलदार पौधों का रोपण किया। इन पौधों में आम, लीची, अमरूद, आनार, जामुन और बांस के पौधे शामिल थे। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने आम लीची के पौधे रोप कर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने पौधारोपण के उपरांत संस्था की इस पहल की सराहना की। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा ने बताया कि संस्था समय–समय पर ऐसे पौधरोपण अभियान चलाती रहती है। इस मानसून में संस्था द्वारा आगे भी कई स्थानों पर पौधे रोपे जायेंगे। इस दौरान संस्था सचिव विवेक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद बेलवाल, संरक्षक डॉ. राजेश डोभाल, धनंजय कुकरेती, अवनी कुकरेती, अपूर्वा वत्स, राजेन्द्र जोशी और दीपक शर्मा मौजूद रहे।

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आईएमए में पौधरोपण

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट ने मानसून सत्र का तीसरा पौधरोपण अभियान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईएमए में रविवार को सम्पन्न किया। मौके पर विभिन्न प्रजातियों के 80 से अधिक पौधे रोपित किए गए। जिनमें अशोका, गुलमोहर, कनेर, चंपा, बॉटल ब्रश, केसिया सामिया इत्यादि की प्रजाति शामिल थी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईएमए के प्रधानाध्यापक मामचंद ने समिति पदाधिकारियों से विद्यालय ग्राउंड में पौधारोपण की जरुरत बताई थी। जिसके बाद समिति ने ये कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रणदीप अहलूवालिया, सचिव जेपी किमोठी, कोषाध्यक्ष शंभू शुक्ला, गगन चावला, मंजुला रावत, दीपक सिंह, रविंदर खालसा, संजय भाटिया, अनुराग शर्मा, राजेश बाली, दिवाकर नैथानी, वंश नैथानी, सुंदर शुक्ला, राजन नेगी, धीरज बिष्ट, पीयूष निगम मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का विरोध करेगा शिक्षक संघ

रुड़की। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को कैबिनेट से अनुमति मिलने पर राजकीय शिक्षक संघ ने इसका विरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि यह संघ के वादाखिलाफी है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को अपना यह फैसला वापस लेना चाहिए, ताकि शिक्षक संघ के साथ इंसाफ हो सके। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य के लगभग 80 फीसद पद खाली पड़े हैं। संगठन लगातार इन पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति की मांग कर रहे थे। संगठन के विरोध प्रदर्शन के चलते विभाग द्वारा सीधी भर्ती स्थगित कर दी गई थी। साथ ही विभाग द्वारा संगठन को आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में इस संबंध में संगठन को विश्वास में लेकर ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

### शहीद की पत्नी को किया सम्मानित

देहरादून। मातृभूमि परिवार ने कारगिल शहीद वीरेंद्र सुंदरियाल के शक्ति विहार स्थित निवास पहुंचकर शहीद की पत्नी सुलोचना सुंद्रियाल को सम्मानित किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष हितेश कुमार सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर पुष्पगुच्छ दिए। हितेश कुमार ने कहा कि ये समाज की जिम्मेदारी है कि उन तमाम परिवारों का ख्याल रखें, उन्हें समाज में सम्मान दें, जिनके परिवार से किसी के बेटे, भाई और पिता ने दुश्मनों से देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी है। मौके पर अवनीश पाल, जसकरण सिंह, राहुल कौशिक, विकास पवार, नीलम सुंद्रियाल आदि उपस्थित रहे।



## पिथौरागढ़ में आज स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र रहेंगे बंद

पिथौरागढ़। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन ने आज स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का निर्णय लिया है। रविवार को डीएम विनोद गोस्वामी ने बताया है कि मौसम विज्ञान विभाग देहरादून की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 28जुलाई को प्रदेश के साथ सभी जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र दौर से अति तीव्र दौर होने की संभावना बताई गई है। बताया कि इसके मद्देनजर जनपद के कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी विद्यालयों व समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। जिन विद्यालयों में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण का मतदान होना है, वह विद्यालय केवल मतदान कार्य के लिए ही खुले रहेंगे।

### लेनदेन के विवाद में की हवाई फायरिंग

रुड़की। दो हजार रूपये के लेनदेन पर हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने युवक के घर में घुसकर मारपीट और गालीगलौज की। उसके परिवार के लोग इकट्ठा हुए, तो वे सभी हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची खानपुर पुलिस ने पूरी घटना की जानकारी ली है। पीड़ित पक्ष ने तीन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। गोवर्धनपुर चौकी प्रभारी समीप पांडे का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। खानपुर थाने के न्यामतपुर गांव निवासी अक्षय और विजय के बीच दो हजार रुपए के लेनदेन पर विवाद चल रहा है। शनिवार शाम इसी लेनदेन को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है की कहासुनी के बाद विजय अपने दो दोस्तों को लेकर अक्षय के घर में घुसा। उस समय अक्षय का भाई दीपक घर पर था। उन्होंने दीपक से गाली गलौज और मारपीट की। शोरगुल हुआ तो दीपक के परिवार के कई लोग इकट्ठा हो गए।

## मेयर अनीता अग्रवाल ने किया साउथ सिविल लाइंस ,फेस वन में मुख्य मार्ग का शिलान्यास



रुड़की। वर्तमान बोर्ड की पहली बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर काम शुरू हो गया है। रविवार को मेयर ने साउथ सिविल लाइंस में फीता काटकर वहां के मुख्य मार्ग का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि अब शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। रुड़की नगर निगम बोर्ड का गठन हुए करीब सात माह हुए है। बोर्ड गठन के बाद हुई बैठक में करोड़ों रुपए के प्रस्ताव पास हुए थे। लेकिन किसी कारण उनके शुरू होने में देरी हो रही थी। अब उक्त बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर कार्य की शुरुआत वार्ड नंबर तेरह साउथ सिविल लाइंस से हुई है। मेयर अनीता अग्रवाल ने साउथ सिविल लाइंस में फेस वन में मुख्य मार्ग का शिलान्यास फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि उक्त सीसी रोड 25 लाख की लागत से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न वाडी में कार्य शुरू होंगे, जिससे लोगों को लाभ मिलेगा।

## पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

पिथौरागढ़। नगर स्थित न्यायिक अधिकारियों के आवास परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया। रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व वन विभाग के समन्वय से फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शंकर राज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह, सिविल जज (सीडि) आरती सरोहा, सिविल जज (सीडि) व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंजू देवी, सिविल जज (जूडि) शिव सिंह, जगदीश प्रसाद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वनक्षेत्राधिकारी पूरन सिंह देउपा, वन दरोगा महिमा स्यालाकोटी आदि मौजूद रहे।



### 418 पोलिंग पार्टियां कराएंगी दूसरे चरण का मतदान संपन्न

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के लिए 404 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों को चुनाव सामाग्री लेकर गई। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक विण विकासखंड से 102 पोलिंग पार्टियां विभिन्न मतदेय स्थलों को रवाना हुई।

मूनाकोट विकासखंड से 95 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए निकली। 88 पोलिंग पार्टियां बेरीनाग विकासखंड से भी रवाना हुई। गंगोलीहाट से 113 पोलिंग पार्टियां चुनाव सामाग्री लेकर निकली। प्रशासन के अनुसार सभी पोलिंग पार्टियां अपने–अपने मतदान केंद्र में पहुंच गई हैं। इधर शनिवार को निकली 14 पोलिंग पार्टियां भी अपने–अपने मतदान केंद्र तक पहुंच गई हैं।

## महिला मतदान अधिकारी से चलती कार में अश्लील हरकत

देहरादून। पंचायत पंचायत चुनाव ड्यूटी खत्म कर घर लौट रही एक महिला मतदान अधिकारी के साथ कार चालक ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की। महिला अधिकारी ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, महिला मतदान अधिकारी की चुनाव ड्यूटी ताड़ीखेत ब्लॉक के मल्ला डाभर में लगी थी। 24 जुलाई की शाम लगभग साढ़े छह बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह सड़क पर वाहन का इंतजार कर रही थीं। उन्हें ताड़ीखेत की ओर जाना था। इसी बीच वहां एक सफेद रंग की मारुति वैगनआर कार रुकी। चालक ने महिला अधिकारी को ताड़ीखेत तक छोड़ने की बात कही। इस पर वह कार में बैठ गईं। आरोप है कि कुछ दूर जाते ही चालक ने महिला अधिकारी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। आरोपी उनसे जबरदस्ती करने लगा। इसके बाद महिला ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

वाहन की रफ्तार भी बढ़ा दी। इसी बीच साहस जुटाकर एक तीव्र मोड़ पर वाहन धीमा होने पर पीड़िता चलती कार से कूद गई। शोरगुल के मचाने पर वहां आसपास के कुछ ग्रामीण पहुंच गए, जिन्होंने महिला कार्मिक की मदद की। रानीखेत कोतवाल अशोक धनखड़ ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक सामान के थोक गोदाम में लगी भीषण आग

रुद्रपुर। इलेक्ट्रॉनिक सामान के थोक गोदाम में भीषण आग लगने से करीब दो करोड़ से ज्यादा का सामान जलकर खाक हो गया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किच्छा बाईपास स्थित भारत इंजीनियरिंग वर्क्स में रविवार सुबह सात बजे फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना मिली। इस पर अग्निशमन अधिकारी (एफएसओ) महेश चंद्र के नेतृत्व में दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग की भयावहता को देखते हुए पंतनगर फायर स्टेशन और बजाज इंडस्ट्री से भी एक–एक गाड़ी मंगवाई गई। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चार दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। एफएसओ महेश चंद्र ने बताया कि आग काफी तेजी से फैली थी, जिससे गोदाम में रखा सारा सामान जल गया। प्रथमदृष्ट्या शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है, लेकिन पूरी स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। गोदाम के मालिक सुनील सोनी ने बताया कि उनके यहां से इलेक्ट्रॉनिक सामान की सप्लाई होती है। यहां इलेक्ट्रॉनिक पैनल, ट्यूबलाइट, बल्ब और अन्य उपकरण रखे जाते हैं।



### पंचायत चुनाव में अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई :एसपी

पिथौरागढ़। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में शांतिपूर्वक मतदान प्रकिया संपन्न कराने को पुलिस विभाग तैयार है। रविवार को नगर के पुलिस लाइन में एसपी रेखा यादव ने पुलिस बल, होमगार्ड्स व पीआरडी जवानों को ब्रीफ करते हुए उन्हें उनके मतदान स्थलों के लिए रवाना किया। इस दौरान एसपी ने कर्मचारियों से मतदान केंद्र पहुंचने के बाद अच्छी तरह से रैकी करने, मतदान केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर संबंधित सैक्टर पुलिस अधिकारी या सैक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस कन्ट्रोल रुम को तुरंत सूचना देने को कहा। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई में कोई भी कोताही न बरते को कहा है। कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## महिला से छेड़छाड़ के आरोप में पति समेत तीन पर केस

रुद्रपुर। एक निजी होटल में रह रही महिला ने अपने पति और होटल स्टाफ पर अश्लील हरकतें करने और दुष्कर्म की कोशिश का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति से विवाद के चलते वह अपनी डेढ़ साल की मासूम बेटी के साथ एक होटल के कमरे में रह रही थी। आरोप लगाया कि 27 जनवरी 2025 की रात होटल मैनेजर और कर्मचारी ने कमरे में चार संदिग्ध युवकों को ठहराया और बहाने से उसे बुलाने की कोशिश की। आरोप है कि जब उसने कमरे से बाहर आने से इनकार किया तो युवकों ने उसका दरवाजा खटखटाया और अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए अंदर आने की कोशिश की। उसने दरवाजा बंद कर अपनी बेटी के साथ पूरी रात भय में बिताई। महिला ने बताया कि उसने पूर्व में भी होटल स्टाफ द्वारा अश्लील टिप्पणी और उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की थी। पूरे घटनाक्रम की जानकारी उसने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी थी।



आरोप है कि उसका पति होटल स्टाफ के साथ मिलकर उसे प्रताड़ित कर रहा है और होटल के जरिए अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति प्रदीप सिंह, होटल मैनेजर नितिन, कर्मचारी विशाल पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मां ने गाय का दूध बेचकर पढ़ाया, दुनिया में छा गई उत्तराखंड की बेटी

गोपेश्वर। जर्मनी में चल रहे विश्वविद्यालय खेलों में चमोली के दशोली विकासखंड के मजोठी गांव की मानसी नेगी के वाक रेस में कास्य पदक जीतने पर गांव व जिले में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मानसी के गांव में उसकी मां को यह उपलब्धी बताई तो मां का खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

चमोली जिले के मजोठी गांव की मानसी नेगी राष्ट्रीय स्तर पर गोल्डन गर्ल के रूप में पहचान बना चुकी है। वह वाक रेस में अब तक चीन सहित अन्य देशों में नाम रोशन कर चुकी है। मानसी को उसकी मां ने गांव में गाय का दूध बेचकर इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की। मानसी को पहाड़ की पगडंडियों में हर रोज स्कूल के साथ घर की जिम्मेदारियों ने अभ्यास कराया है। मानसी नेगी अभाव, संघर्ष व सफलता की पर्यायवाची है। तीन मई 2003 में चमोली के दूरस्थ गांव मजोठी गांव में जन्मीं मानसी नेगी का जीवन सफर संघर्षपूर्ण रहा है। मानसी के पिता लखपत सिंह नेगी का 2016 में निधन हो गया था। मां शकुंतला देवी बेटी के खिलाड़ी बनने में मदद करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती थी। इसलिए उन्होंने घर में ही गाय व खेती–बाड़ी कर बेटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए गोपेश्वर पढ़ने के लिए भेजा।




मानसी ने 2018 में राजकीय बालिका हाईस्कूल गोपेश्वर से हाईस्कूल और जीजीआइसी देहरादून से 2020 में 12वीं की।

देहरादून में अध्ययन के दौरान उसने महाराणा स्पोर्ट्स कालेज से प्रशिक्षण लिया। 2020 से वर्तमान समय तक मानसी पंजाब के एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ रही है। मानसी को तीलू रौतेली पुरस्कार भी मिला है। मानसी वर्तमान में बेंगलुरू में वाक रेस का प्रशिक्षण ले रही है।

### बीच बचाव करने गए बुजुर्ग पर हमला, चार पर मुकदमा

चम्पावत। टनकपुर से लगे एक गांव में बीच बचाव करने गए एक व्यक्ति को हमला कर बुरी तरह चोटिल करने का आरोप है। जख्मी व्यक्ति का बरेली केअस्पताल में इलाज चल रहा है। तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल की हालत नाजुक हालत के चलते गंगा सिंह के बेटे संजय सिंह धौनी ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर अर्जुन, राहुल, संदीप और दीपांशु के खिलाफ बीएनएस की धारा 117 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पशु कटान की सूचना पर मारा छापा, आरोपी फरार

रुड़की। पुलिस ने गोकशी की सूचना पर छापेमारी करते हुए संदिग्ध मांस व काटने के उपकरण बरामद किया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। एक सूचना पर पुलिस ने चानचक गांव में स्थित एक संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की। पुलिस की भनक लगते ही पशु कटान कर रहे लोग खेतों के रास्ते से भाग निकले। पुलिस ने मौके से पशु कटान के उपकरणों के साथ–साथ प्रतिबंधित पशु के अवशेष बरामद हुए। पुलिस ने फरार आरोपियों को चिन्हित करते हुए चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

उप निरीक्षक शहजाद ने बताया कि फरार आरोपियों को चिन्हित कर शहबाज, फरदीन, दानिश निवासी सिकन्दरपुर के खिलाफ गोवंश अधिनियम की धारा में मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## टांण में लगे स्वास्थ्य शिविर में 60 मरीजों का हुआ उपचार



चम्पावत। डीएम मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में सीएमओ डॉ. देवेश चौहान के निर्देशन में विकासखंड पाटी के सबसे दुर्गम क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टांण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में आयोजित इस शिविर में 60 से अधिक मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया, जबकि 35 से अधिक व्यक्तियों की रक्त जांच की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवीर सिंह की देखरेख में आयोजित शिविर में स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक दवाएं और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

### साइबर सुरक्षा पर चलाया जागरूकता अभियान

रुद्रपुर। उधमसिंहनगर पुलिस ने रविवार को साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। ट्रांजिट कैंप स्थित विजडम पब्लिक स्कूल में छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराधों और नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक किया गया।

साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया पर सतर्कता, ऑनलाइन गेमिंग के खतरों और साइबर बुलिंग जैसे अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने साइबर अपराध से बचाव के लिए मजबूत पासवर्ड, सतर्कता और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग जैसे उपायों पर बल दिया।

## अल्मोड़ा पहुंचेंगे उत्तराखंड के सभी जिलों के 350 शटलर

अल्मोड़ा। 29 जुलाई से हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में उत्तराखंड स्टेट जूनियर व सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसमें उत्तराखंड के सभी जिलों से करीब 350 शटलर पहुंचेंगे। यह बात रविवार को हुई प्रेसवार्ता में आयोजकों ने कही। रविवार को हुई प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने कहा कि अल्मोड़ा में पांच साल बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने कहा कि 29 जुलाई से तीन अगस्त तक 24 वीं उत्तराखंड स्टेट जूनियर व सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन हेमवती नंदन बहुगुणा इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ की ओर से होगा। इसमें उत्तराखंड के सभी जिलों से चयनित 350 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। इस चैंपियनशिप के विजेता और उपविजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को खेल मंत्री रेखा आर्या इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करेंगी। यहां प्रदेश कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, कोच डीके सेन, जिलाध्यक्ष सुरेश कर्नाटक, उपाध्यक्ष प्रशासनिक गोकुल मेहता, उपसचिव संजय नज्जौन, डीके जोशी, कोषाध्यक्ष नंदन रावत, कोच अतुल जोशी, ऑब्जर्बर टूर्नामेंट राकेश जोशी, जिला समन्वयक विजय प्रताप सिंह आदि रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338